दूरभाषः 7052777781

प0सं0यूपीएसएस / 315 / क्यू.एम. / 2022

कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय
उ0प्र0 सैनिक स्कूल,
सरोजनी नगर,
लखनऊ।
दिनांकः 28 मार्च 2022

सेवा में,

मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
लखनऊ।

विषयः कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

1. अवगत हो कि कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ प्रदेश सरकार की एक विशिष्ट आवासीय संस्था है। विद्यालय का संचालन उ0 प्र0 सैनिक स्कूल समिति के द्वारा राज्य सरकार के सीधे नियत्रंण में किया जाता है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय विद्यालय समिति के पदेन अध्यक्ष है। विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास कर उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अधिकारी वर्ग में चयन हेतु राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला, पुणे के लिए तैयार किया जा सके।

2. उक्त के क्रम में अवगत हो कि विद्यालय में कक्षा–7 से कक्षा–12 तक की कक्षायें संचालित होती है तथा विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध है विद्यालय की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से वार्षिक सम्बद्धता हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा जारी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। विद्यालय में अग्निशमन की व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार अग्निशमन उपकरण लगे हुये है जोकि पूर्ण रूप से प्रभावी है एवं संचालित हो रहे है।

3. अतः अनुरोध है कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण पत्र निर्गत करने का कष्ट करे ताकि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली को विद्यालय की वार्षिक सम्बद्धता हेतु आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जा सके।

भवदीय

(राजेश राघव)
कर्नल
प्रधानाचार्य

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त,
   लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
2. जनरल सेक्रेटरी
   उ0प्र0 सैनिक स्कूल सोसायटी एवं
   विशेष सचिव, मा0 शिक्षा, उ0 प्र0 शासन,
   माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग–01, सचिवालय लखनऊ।

school land-2011